Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَمَنْ كَانَ
فِيْ هٰذِهٖۤ اَعْمٰى
فَهُوَ فِي الْاٰخِرَةِ اَعْمٰى
وَاَضَلُّ سَبِيْلًا

(बनी ईसराईल : 73)

अनुवाद: और जो इस दुनिया में अंधा हो वह अखिरत में भी अंधा होगा और राहे के एतबार से सबसे अधिक भटका हुआ होगा

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 8
अंक-36

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

20 सफ़र 1445 हिज्री कमरी, 07 तबूक 1402 हिज्री शम्सी, 07 सितंबर 2023 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

ख़ुत्बः जुमअः

हे अमुक अमुक के बेटे ! हे अमुक अमुक के बेटे ! क्या अब तुमको इस बात से ख़ुशी होगी कि तुमने अल्लाह और उसके रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की फ़रमांबर्दारी की होती

क्योंकि हमने तो सच्च सच्च पा लिया जो हमारे रब ने हम से वादा किया था, क्या तुमने भी वाक़ई वह पा लिया है जो तुम्हारे रब ने तुम से वादा किया था

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जान है तुम उन (मक़्तूलीन बदर) से ज़्यादा नहीं सुन रहे उन बातों को जो मैं कह रहा हूँ

हक़ीक़त यही है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़िद्या लेने का फ़ैसला जो फ़रमाया था वह इलाही मंशा के मुताबिक़ था

जंग-ए-बदर के हवाले से आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पवित्र जीवनी का वर्णन

क़ुरैश के सरदारों की तदफ़ीन, आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चमत्कार, अम्वाल-ए-ग़नीमत की तक़सीम का वर्णन तथा क़ैदियों को फ़िद्या लेकर आज़ाद करने के बारे में एक प्रसिद्ध रिवायत का हल

माननीय राना अब्दुल हमीद ख़ान साहब काठगढ़ी मुरब्बी सिलसिला और नाएब नाज़िम माल वक़्फ़-ए-जदीद पाकिस्तान
और श्रीमती नुसरत जहां अहमद साहिबा पत्नी माननीय मुबश्शिर अहमद साहिब मुरब्बी सिलसिला की वफ़ात पर उनका वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 14 जुलाई 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

जंग-ए-बदर के हवाले से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत और वाक़ियात के बारे में वर्णन हो रहा था। जंग-ए-बदर ख़त्म हुई और कुफ़्फ़ार को अल्लाह तआला ने उनके बद-अंजाम तक पहुंचाया। जैसा कि वर्णन हो चुका है। सत्तर कुफ़्फ़ार मारे गए जिनमें से बहुत से धनी और सरदार भी थे। इन क़ुरैश के सरदारों की तदफ़ीन के बारे में इस तरह वर्णन मिलता है। सही बुख़ारी में है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम काबे के पास नमाज़ पढ़ रहे थे। यह पुराना वाक़िया है, पिछले सारे हालात वर्णन किए जा रहे हैं कि पहले क्या हालात होते थे। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम काबे के पास नमाज़ पढ़ रहे थे कि क़ुरैश के चंद अफ़राद के कहने पर उनमें से सबसे बद-बख़्त ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के कंधों के दरमयान जानवर की बच्चादानी रख दी जबकि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सज्दे में थे। नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सज्दे की हालत में ही रहे और वे लोग हंसते रहे। हज़रत फ़ातिमा अलैहिस्सलाम को किसी ने बताया। वह छोटी लड़की थीं, दौड़ती हुई आईं और नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सज्दा की हालत में रहे यहां तक कि उन्होंने इस को आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लमके ऊपर से हटा दिया अर्थात वो भारी बच्चादानी जो थी उस को हज़रत फ़ातमा रज़ियल्लाहुन अन्हा ने हटाया। हज़रत फ़ातमा रज़ियल्लाहुन अन्हा ने उन लोगों को बुरा-भला कहा। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम नमाज़ पढ़ चुके तो आप सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दुआ की। अल्लाह! तू क़ुरैश की गिरिफ़त कर। हे अल्लाह! तू क़ुरैश की गिरिफ़त कर। हे अल्लाह! तू क़ुरैश की गिरिफ़त कर। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने नाम लिए हे अल्लाह अम्र बिन हशशाम और उत्बा बिन रबिया और शीबा बिन रबिया और वलीद बिन उत्बा और अमय बिन ख़लफ़, उक़बा बिन अबी मोईत और अम्मार बिन वलीद पर गिरिफ़त कर। हज़रत अब्दुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि अल्लाह की

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

क़सम मैंने ख़ुद उनको बदर के दिन गिरे हुए देखा अर्थात उन लोगों को जिनके नाम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने लिए थे। फिर उनको बदर के गढ़े में घसीट कर फेंकागया। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि गढ़े वाले लानत के नीचे हैं

(सही अल् बुख़ारी, किताब अस्सलात, बाब المرأة تطرح عن المصلى شيئا من الاذى، रिवायत नंबर : 520)

इसी तरह सीरत की कुतुब में लिखा है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया कि मुशरेकीन की लाशों को उनके क़तल होने की जगह से उठा लिया जाए। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जंग शुरू होने से पहले ही उनकी क़त्ल-गाहों की ख़बर दे दी थी। इसलिए हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें बदर में क़तल होने वाले मुशरेकीन की क़त्ल-गाहें दिखा दी थीं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लमईह क़त्ल-गाहें दिखाते हुए फ़रमाते जाते थे कि कल इन शा अल्लाह यह उत्बा बिन रबीया की क़तलगाह होगी। यह शीबा बिन रबीया की क़तलगाह होगी। यह अमय बिन ख़लफ़ की क़तलगाह होगी। यह अबुजहल बिन हशशाम की क़तलगाह होगी और यह अमुक की क़तलगाह होगी। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपना दस्त-ए-मुबारक ज़मीन पर रख कर येह निशानदेही फ़रमाते जाते थे और फिर अगले दिन ग़ज़व-ए-बदर में जो लोग मरे उनकी लाशें उस जगह से ज़रा भी इधर उधर नहीं थीं जहां-जहां आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपना दस्त-ए-मुबारक रखा था।

(उद्धृत अल् सीरतुल हल्बिया, भाग 2, पृष्ठ 245 दारुल कुतुब बेरूत 2002 ई.)

हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा से रिवायत है कि जंग के बाद हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हुक्म दिया कि कुफ़्फ़ार के सब मक़्तूलों को गढ़े में डाल दो। इसलिए सबको डाल दिया गया सिवाए अमय बिन ख़लफ़ के। उसकी लाश अपनी ज़िरह में फूल गई थी। जब उस को उठाना चाहा तो इस का गोश्त गिरने लगा इस वजह से उस को उसी जगह मिट्टी और पत्थर डाल कर ढांक दिया गया।

(उद्धृत सीरत इब्ने हशशाम, पृष्ठ 435 दारुल कुतुब बेरूत 2001 ई.)

जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हुक्म दिया कि मुशरेकीन की लाशों को गढ़े में फेंक दिया जाए तो उत्बा बिन रबीया को पकड़ा गया और गढ़े में फेंक दिया गया। आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू हनीवा रज़ियल्लाहु अन्हो जो उत्बा के बेटे थे के चेहरे पर नागवारी के आसार देख लिए। ये मुस्लमान हो गए थे, बाप काफ़िर था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : हे अबू हुज़ैफ़ा शायद तुम्हारे दिल में तुम्हारे बाप के बारे में कुछ गुमान गुज़रा है। उन्होंने अर्ज़ की नहीं हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुझे न तो बाप के बारे में शक है न इसके क़तल के बारे में शक है लेकिन मैं जानता था कि मेरा बाप साब्बुल् अरा और हलीम और मुअज़्ज़िज़ इन्सान था। मुझे उम्मीद थी कि ये उमूर अर्थात ये बातें जो उसने देखें, अच्छी बातें थीं, उसे इस्लाम की तरफ़ ले जाएँगी। जब मैंने उस का अंजाम देखा तो मुझे इसका कुफ़्र याद आ गया हालाँकि मुझे उसके इस्लाम लाने की उम्मीद थी। इस बात ने मुझे ग़म-ज़दा कर दिया। आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें अर्थात अबू हुज़ैफ़ा रज़ियल्लाहु अन्हो को दुआ-ए-ख़ैर दी और भलाई के कलिमात कहे।

(सिबलुल् हुदा वलरिशाद, भाग 4 पृष्ठ 56-57 दारुल कुतुब इल्मिया,1993 ई.)

हज़रत अबू तल्हा अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जंग-ए-बदर के दिन सरदारान-ए-क़ुरैश में से चौबीस आदमियों की निसबत हुक्म दिया और उन्हें बदर के कुओं में से एक कुँवें में डाल दिया गया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब किसी क़ौम पर ग़ालिब आते तो मैदान में तीन रातें क़ियाम फ़रमाते जब आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बदर में ठहरे और तीसरा दिन हुआ तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी ऊंटनी पर कुजावा बाँधने का हुक्म फ़रमाया। इसलिए उस पर कुजावा बाँधा गया। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम चले और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो भी आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ चले और कहने लगे हम समझते हैं कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम किसी ग़रज़ के लिए ही चले हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस कुँवें की मुंडेर पर पहुंच कर खड़े हो गए जहां उन काफ़िरों को दफ़नाने के लिए फेंका गया था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उनके और उन मरे हुओं के बापों के नाम लेकर पुकारने लगे कि हे अमुक अमुक के बेटे! हे अमुक अमुक के बेटे क्या अब तुम को इस बात से ख़ुशी होगी कि तुम ने अल्लाह और उसके रसूल की फ़रमांबर्दारी की होती क्योंकि हमने तो सच्च सच्च पा लिया जो हमारे रब ने हम से वादा किया था। क्या तुमने भी वाक़ई वह पा लिया है जो तुम्हारे रब ने तुमसे वादा किया था?

अबु तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हो कहते थे कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उन लाशों से क्या बातें कर रहे हैं जिनमें जान नहीं है? मरे हुए लोग हैं। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जान है तुम उनसे ज़्यादा उन बातों को नहीं सुन रहे जो मैं कह रहा हूँ।

(बुख़ारी, किताबुल् मग़ाज़ी, बाब क़तल अबू जहल, हदीस : 3976)

सीरत इब्ने हशशाम में यूं वर्णन है कि हे कुँवें वालो अपने नबी के तुम बहुत बुरे रिश्तेदार थे। तुम ने मेरी तक़ज़ीब की और लोगों ने मेरी तसदीक़ की। तुमने मुझे अपने घर से निकाला और लोगों ने मुझे पनाह दी। तुमने मेरे साथ जंग की और लोगों ने मेरी मदद की। फिर फ़रमाया هَلْ وَجَدْتُّمْ مَا وَعَدَ كُمْ رَبُّكُمْ حَقًّا؟ जो तुम्हारे रब ने तुम से वाअदा किया था क्या उसे तुमने सच्चा पाया।

(सीरत इब्ने हशशाम, पृष्ठ 435 दारुल कुतुब बेरूत 2001 ई.)

सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में इस वाक़िया को हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस तरह लिखा है कि "वापसी से क़बल आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस गढ़े के पास तशरीफ़ ले गए जिसमें क़ुरैश के सरदारों दफ़न किए गए थे और फिर उनमें से एक एक का नाम लेकर पुकारा और फ़रमाया هَلْ وَجَدْتُّمْ مَا وَعَدَ كُمُ اللهُ حَقًّا فَإِنِّيْ وَجَدْتُّ مَا وَعَدَنِيَ اللهُ حَقًّا अर्थात "क्या तुमने उस वादे को हक़ पाया जो ख़ुदा ने मेरे ज़रीया तुमसे किया था। तहक़ीक़ मैंने इस वादे को हक़ पा लिया है जो ख़ुदा ने मुझ से किया था। फ़रमाया : يَا أَهْلَ الْقَلِيْبِ بِئْسَ عَشِيْرَةِ النَّبِيِّ كُنْتُمْ لِنَبِيِّكُمْ كَذَّبْتُمُوْنِيْ وَصَدَّقَنِيَ النَّاسُ وَأَخْرَجْتُمُوْنِيْ وَآوَانِيَ النَّاسُ وَقَاتَلْتُمُوْنِيْ وَنَصَرَنِيَ النَّاسُ अर्थात "हे गढ़े में पड़े हुए लोगो तुम अपने नबी के बहुत बुरे रिश्तेदार बने। तुमने मुझे झुठलाया और दूसरे लोगों ने मेरी तसदीक़ की। तुमने मुझे मेरे वतन से निकाला और दूसरों ने मुझे पनाह दी। तुमने मेरे ख़िलाफ़ जंग की और दूसरों ने मेरी मदद की।" हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ किया। हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम वह अब मुर्दा हैं वह क्या सुनेंगे। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लमने फ़रमाया "मेरी यह बात वह तुमसे भी बेहतर सुन रहे हैं।"

अर्थात वह इस आलम में पहुंच चुके हैं जहां सारी हक़ीक़त आश्कारा हो जाती है और कोई पर्दा नहीं रहता। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ये कलिमात जो ऊपर दर्ज किए गए हैं।" जो अभी वर्णन हुए हैं "अपने अंदर एक अजीब दर्द और पीढ़ा की आमेज़िश रखते हैं और उन से इस कलबी कैफ़ीयत का कुछ थोड़ा सा अंदाज़ा हो सकता है जो उस वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर तारी थी। ऐसा मालूम होता है कि इस वक़्त क़ुरैश की मुख़ालेफ़त की पिछले तारीख़ आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आँखों के सामने थी और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आलम-ए-तख़य्युल में इस का एक एक वर्क़ उल्टाते जाते थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लमकादल इन औराक़ के मुताला से बेचैन था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ये शब्द इस बात का भी यक़ीनी सबूत हैं कि इस सिलसिला जंग के आग़ाज़ की ज़िम्मेदारी पूर्णतः कुफ़्फ़ार मक्का पर थी। जैसा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के शब्द قَاتَلْتُمُوْنِيْ وَنَصَرَنِيَ النَّاسُ है। अर्थात "हे मेरी क़ौम के लोगो तुमने मुझ से जंग की और दूसरों ने मेरी मदद की। और कम से कम उन अलफ़ाज़ से यह तो ज़रूर साबित होता है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी जगह यही यक़ीन रखते थे कि इन जंगों में इब्तिदा-ए-कुफ़्फ़ार की तरफ़ से हुई है और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मजबूर हो कर महिज़ ख़ुद हिफ़ाज़ती में तलवार उठाई है।" (सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम)

अज़ हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो एम-ए, सफ़ा364-365)

इस जंग में आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चमत्कारों का वर्णन भी है। उनमें से एक वाक़िया सीरत की किताब में यूं मिलता है। इब्न-ए-इसहाक़ कहते हैं कि उकाशा बिन मेहसन बदर के दिन अपनी तलवार के साथ लड़ाई करते रहे यहां तक कि वह उनके हाथ में टूट गई। वह रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक लक्कड़ी उनको इनायत की और फ़रमाया उकाशा! तुम इस से काफ़िरों के साथ जंग करो। उकाशा ने उसको हाथ में लेकर लहराया तो वह लक्कड़ी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के हाथ में तलवार बन गई जो काफ़ी लंबी थी जिसका लोहा बहुत सख़्त था और उसकी रंगत सफ़ैद थी। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उस के साथ जंग करते रहे यहां तक कि मुस्लमानों को अल्लाह तआला ने फ़तह अता फ़र्मा दी। रावी कहता है इस तलवार का नाम ऊन था। बाद की जंगों में भी वह इस तलवार के साथ दाद-ए-शुजाअत देते रहे यहां तक कि मुसैलमा कज़्ज़ाब के साथ जंग में उन्होंने शहादत पाई। (सीरत

शेष पृष्ठ 08 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला हम में विशेषता पर बदर की एहमियत का इदराक पैदा फ़रमाए और हम आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ुलाम सादिक़ अलैहिस्सलाम की आमद को समझें वाले हों

अल्लाह तआला करे कि मुस्लमान उम्मत भी इस वाक़िया बदर की हक़ीक़त को समझे
और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी में आए हुए मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को पहचाने ताकि ये मुस्लमान दुबारा अपनी खोई हुई अज़मत हासिल करने के योग्य बन सकें

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुस्लमानों को ताकीद की कि क़ैदियों के साथ नरमी और शफ़क़त का सुलूक करें और उनके आराम का ख़्याल रखें

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस उम्मत में आने वाले मह्दी की एक निशानी यह भी बताई हुई है
उसके पास भी एक किताब होगी जिसमें अस्हाब-ए-बदर रज़ियल्लाहु अन्हो की संख्या के मुताबिक़ तीन सौ तेराह अस्हाब के नाम होंगे

समस्त कारकुनान जो जलसा की मुख़्तलिफ़ डयूटियों पर निर्धारित किए गए हैं वे कोशिश करें कि हर शामिल-ए-जलसा की हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमान समझ कर ख़िदमत करें

डियूटी देने वाले को हमेशा अच्छे अख़लाक़ का मुज़ाहरा करते रहना चाहिए और मुस्कुराते रहना चाहिए

अगर किसी में कोई ग़लत बात देखें जो हमारे माहौल के तक़द्दुस और तालीम के ख़िलाफ़ है तो नरमी और प्यार से समझाएँ

विशेषता पर हर अहमदी को इस जलसा की कामयाबी के लिए दुआएं करते रहना चाहिए

जंग-ए-बदर के हवाले से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पवित्र जीवनी का वर्णन, जंग-ए-बदर की एहमियत और उसके परिणाम तथा बदरी सहाबा की फ़ज़ीलत का वर्णन

जल्सा सालाना यू.के के हवाले से मेहमान-नवाज़ी की एहमियत का वर्णन और कारकुनान और मेहमानों को कीमती उपदेश

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 21 जुलाई 2023 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَاالضَّآلِّيْنَ

जंग-ए-बदर के हवाले से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत का वर्णन हो रहा है इस बारे में कुछ और बातें पेश करता हूँ। जंग-ए-बदर ख़त्म होने के बाद क़ैदियों से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हुस्न-ए-सुलूक के बारे में तबक़ात-ए-इबन-ए-साद में दर्ज है कि जब बदर के क़ैदी आए तो उनमें रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के चचा हज़रत अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हो भी थे तो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस रात जागते रहे। आपके सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो में से किसी ने पूछा कि हे अल्लाह के नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को किस बात ने जगाए रखा है? तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : अब्बास के कराहने की आवाज़ ने। तो एक व्यक्ति गया और उसने हज़रत अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हो के बंधन ढीले कर दिए। बाँधे हुए थे। रस्सियाँ कुछ ढीली कर दीं तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि क्या बात है मैं अब्बास के कराहने की आवाज़ नहीं सुन रहा? तो एक व्यक्ति ने कहा कि मैंने उनके बंधन कुछ ढीले कर दिए हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तो फिर तमाम क़ैदियों के साथ ऐसा ही करो। (अल्तबकातुल कुबरा लाबनान भाग 4 पृष्ठ 9 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान 2012 ई. यह नहीं कि मेरा रिश्तेदार समझ कर एक के कर दिए।

बदर के क़ैदियों के मुताल्लिक़ सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ने जो तफ़सीलात वर्णन की हैं इस में लिखा है कि "तीन दिन तक आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बदर की वादी में क़ियाम फ़रमाया और यह वक़्त अपने शुहदा की तकफ़ीन वत-दफ़ीन और अपने ज़ख़मियों की मरहम पट्टी में गुज़रा और इन्ही दिनों में ग़नीमत के अम्वाल को जमा करके मुरत्तिब किया गया और कुफ़्फ़ार के क़ैदियों को जिनकी संख्या सत्तर थी महफ़ूज़ करके मुख़्तलिफ़ मुस्लमानों की सुपुर्दगी में दे दिया गया और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुस्लमानों को ताकीद की कि क़ैदियों के साथ नरमी और शफ़क़त का सुलूक करें और उनके आराम का खयाल रखें।

सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो ने जिनको अपने आक़ा सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हर ख़ाहिश के पूरा करने का इशक़ था आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इस नसीहत पर इस ख़ूबी के साथ अमल किया कि दुनिया की तारीख़ में इस की नज़ीर नहीं मिलती। इसलिए ख़ुद उन क़ैदियों में से एक क़ैदी अबू अज़ीज़ बिन अम्र की ज़बानी रिवायत आती है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हुक्म की वजह से अंसार मुझे तो पक्की हुई रोटी देते थे लेकिन ख़ुद खजूर इत्यादि खा कर गुज़ारा कर लेते थे और कई दफ़ा ऐसा होता था कि उनके पास अगर रोटी का छोटा टुकड़ा भी होता था तो वह मुझे दे देते थे और ख़ुद नहीं खाते थे और अगर मैं कभी शर्म की वजह से वापिस कर देता तो वह इसरार के साथ फिर मुझी को दे देते थे। जिन क़ैदियों के पास लिबास काफ़ी नहीं था उन्हें कपड़े मुहय्या कर दिए गए थे। इसलिए अब्बास को अब्दुल्लाह बिन अबी ने अपनी क़मीस दी थी। सर विलियम

मियूर ने क़ैदियों के साथ इस मुशफ़िक़ाना सुलूक का निम्नलिखित शब्दों में एतराफ़ है।" लिखता है कि "मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिदायत के अधीन अंसा और मुहाजेरीन ने कुफ़्फ़ार के क़ैदियों के साथ बड़ी मुहब्बत और मेहरबानी का सुलूक किया। इसलिए कुछ क़ैदियों की अपनी शहादत तारीख़ में इन अलफ़ाज़ में वर्णित है कि ख़ुदा भला करे मदीना वालों का वह हमको सवार किया करते थे और आ पपैदल चलते थे। हमको गंदुम की पक्की हुई रोटी देते थे और आप केवल खजूरें खा कर पड़े रहते थे। इसलिए (मियूर साहिब लिखते हैं) हम को यह मालूम करके ताज्जुब नहीं करना चाहिए कि कुछ क़ैदी इस नेक सुलूक के असर के नीचे मुस्लमान हो गए।"क़ैदीयों से जब यह सुलूक होता था तो उनमें से कुछ मुस्लमान हो गए"और ऐसे लोगों को फ़ौरन आज़ाद कर दिया गया .. जो क़ैदी इस्लाम नहीं लाए उन पर भी इस नेक सुलूक का बहुत अच्छा असर था।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम)

(हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो एम. ए, पृष्ठ : 365)

जंग-ए-बदर की एहमियत और इस के असरात के बारे में लिखा है कि जब फ़तह बदर की ख़ुशख़बरी लेकर अब्दुल्लाह बिन रवाह रज़ियल्लाहु अन्हो और ज़ैद बिन हारिस रज़ियल्लाहु अन्हो मदीना पहुंचे तो उनके मुँह से फ़तह की ख़ुशख़बरी का ऐलान सुनकर अल्लाह का दुश्मन काब बिन अशर्फ़ यहूदी उनको झूठलाने लगा। वह कहने लगा कि अगर मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इन बड़े बड़े रईसों को मार डाला है तो ज़मीन की पुश्त पर रहने से ज़मीन के अंदर रहना बेहतर है। अर्थात ज़िंदा रहने से मौत बेहतर है।

(सीरतुल हल्बिया, भाग 2 पृष्ठ 250 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 2002 ई.

अल्लामा शिबली नुमानी अपनी किताब में ग़ज़व-ए-बदर के नतायज वर्णन करते हुए लिखते हैं कि "बदर के मार्का ने मज़हबी और मुल्की हालात पर गौना गों असरात पैदा किए और हक़ीक़त में यह इस्लाम की तरक़्क़ी का कदम-ए-अव्वलीन था। क़ुरैश के तमाम बड़े बड़े सरदार जिनमें से एक एक इस्लाम की तरक़्क़ी की राह में कई सौ थे फ़ना हो गए। उत्बा और अबुजहल की मौत ने क़ुरैश की रियासत आम्मा का ताज अबूसुफ़ियान के सिर पर रखा जिससे दौलत अमवी का आग़ाज़ हुआ लेकिन क़ुरैश की असली ज़ोर-ओ-ताक़त का मयार घट गया। मदीना में अब तक अब्दु-ल्लाह बिन अबी बिन सलूल ऐलानिया काफ़िर था लेकिन अब बज़ाहिर वह इस्लाम के दायरा में गया।" फ़तह बदर के बाद उसने भी ज़ाहिर में इस्लाम स्वीकार कर लिया" जबकि समस्त आयु मुनाफ़िक़ रहा और इसी हालत में जान दी। क़बायल अरब जो सिलसिला वाक़ियात का रुख देखते थे अगरचे राम नहीं हुए लेकिन सहम गए।" बहुत से क़बायल मुस्लमान तो नहीं हुए लेकिन फ़तह को देखकर सहम ज़रूर गए। मुस्लमानों के ख़िलाफ़ उन्होंने कार्यवाहियां करनी बंद कर दीं या ख़ौफ़ज़दा हो गए।" इन मुवाफ़िक़ हालात के साथ मुख़ालिफ़ अस्बाब में भी इन्क़िलाब शुरू हो गया। यहूद से मुआहिदा हो चुका था कि वह हर मुआमला में यकसू रहेंगे लेकिन इस फ़तह नुमायां ने उनमें हसद की आग भड़का दी और वह इस को ज़बत न कर सके क़ुरैश को पहले सिर्फ हज़रमी का रोना था बदर के बाद हर घर मातम था और बदर में क़तल होने वालों के इंतेक़ाम के लिए मक्का का बच्चा बच्चा मुज़्तर था। इसलिए सोवेक की घटना और उहुद का मार्का इसी जोश का मज़हर था।"

(सीरतुन्नबी(सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) अज़ शिब्ली नुमानी, भाग प्रथम, पृष्ठ 210-211प्रकाशन आर ज़ैड पैकेजज़ लाहौर 1408 हिजरी)

फ़तह बदर के नतायज वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब ने यूं लिखा है कि "अभी तक मदीना में क़बायल ओस और ख़ज़रज के बहुत से लोग शिर्क पर क़ायम थे। बदर की फ़तह ने उन लोगों में एक हरकत पैदा कर दी और उन में से बहुत से लोग आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की इस अज़ीमुश्शान और ख़ारिक़ आदत फ़तह को देखकर इस्लाम की हक़्क़ानियत के क़ायल हो गए। और इस के बाद मदीना से बुतपरस्त अंसर बड़ी सुरअत के साथ कम होना शुरू हो गया परंतु कुछ ऐसे भी थे जिनके दिलों में इस्लाम की इस फ़तह ने बुग़ज़ और हसद आफ़त की चिंगारी रोशन कर दी और उन्होंने बरमला मुख़ालेफ़त को ख़िलाफ़-ए--मस्लहत समझते हुए बज़ाहिर तो इस्लाम क़बूल कर लिया लेकिन अंदर ही अंदर से के एस्तीसाल के दर पे हो हो कर मुनाफ़क़ीन के गिरोह में शामिल हो गए। इन पहले वर्णित लोगों में ज़्यादा मुमताज़ अब्दुल्लाह बिन ऊबय बिन सलूल था जो क़बीला ख़ज़रज का एक निहायत नामवर रईस था और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वस-ल्लम के मदीना में तशरीफ़ लाने के नतीजा में अपनी सरदारी के छीने जाने का सदमा उठा चुका था। यह व्यक्ति बदर के बाद बज़ाहिर मुस्लमान हो गया, लेकिन उस का दिल इस्लाम के ख़िलाफ़ बुग़ज़ और दुश्मनी से परिपूर्ण था और अहले निफ़ाक़ का सरदार बन कर उसने मख़फ़ी मख़फ़ी इस्लाम और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़िलाफ़ रेशा दिवानी का सिलसिला शुरू कर दिया।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम)

अज़ हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो एम.ए, पृष्ठ : 376)

मज़ीद फ़रमाते हैं कि "जंग-ए-बदर का असर कुफ़्फ़ार और मुस्लमानों हर दो के लिए निहायत गहरा और देर-पा हुआ और इसी लिए तारीख-ए-इस्लाम में इस जंग को एक ख़ास एहमियत हासिल है यहाँ तक कि क़ुरआन शरीफ़ में इस जंग का नाम यौमुल फ़ुर्कान रखा गया है। अर्थात वह दिन जबकि इस्लाम और कुफ़्र में एक खुला खुला फ़ैसला हो गया। बेशक जंग-ए-बदर के बाद भी क़ुरैश और मुस्लमानों की बाहम लड़ाईयां हुईं और ख़ूब सख़्त सख़्त लड़ाईयां हुईं और मुस्लमानों पर कुछ नाज़ुक नाज़ुक मौक़े भी आए लेकिन जंग-ए-बदर में कुफ़्फ़ार-ए-मक्का की रीढ़ की हड्डी टूट चुकी थी जिसे बाद का कोई जर्राही अमल मुस्तक़िल तौर पर दरुस्त नहीं कर सका। संख्या मक़्तूलीन के लिहाज़ से बे-शक यह कोई बड़ी शिकस्त नहीं थी।क़ुरैश जैसी क़ौम में से सत्तर बहत्तर सिपाहियों का मारा जाना हरगिज़ क़ौमी तबाही नहीं कहला सकता। जंग-ए-अहद में यही संख्या मुस्लमान मक़्तूलीन की थी लेकिन यह नुक़्सान मुस्लमानों के फ़ातिहाना रस्ता में एक आरिज़ी रोक भी साबित नहीं हुआ।' हालाँकि मुस्लमान तो उस वक़्त बहुत कमज़ोर थे।"फिर वो क्या बात थी कि जंग-ए--बदर योमुल् फुरकान कहलाई? इस सवाल के जवाब में बेहतरीन अलफ़ाज़ वह हैं जो क़ुरआन शरीफ़ ने बयान फ़रमाए और वह ये हैं। يَقْطَعَ دَابِرَ الْكَافِرِيْنَ। वाक़ई उस दिन कुफ़्फ़ार की जड़ कट गई अर्थात जंग-ए-बदर की ज़रब कुफ़्फ़ार की जड़ पर लगी और वह दो टुकड़े हो गई। अगर यही ज़रब बजाय जड़ के शाख़ों पर लगती तो ख़वाह उस से कितना गुना ज़्यादा नुक़्सान करती वह नुक़्सान इस नुक़्सान के मुक़ाबला में हैच होता लेकिन जड़ की ज़रब ने हरे-भरे दरख़्त को देखते देखते ईंधन का ढेर कर दिया और सिर्फ वही शाख़ें बचीं जो ख़ुशक होने से पहले दूसरे दरख़्त से पैवंद हो गईं। अतः बदर के मैदान में क़ुरैश के नुक़्सान का पैमाना यह नहीं था कि कितने आदमी मरे बल्कि यह था कि कौन कौन मरे और जब हम इस नुक़्ता निगाह से क़ुरैश के मक़्तूलीन पर नज़र डालते हैं तो इस बात में ज़रा भी संदेह का स्थान नहीं रहता कि बदर में फ़ील वकत क़ुरैश की जड़ कट गई। उत्बा और शेबा और अमय बिन खिलफ और अबुजहल और उक़बा बिन अबी मुती और नज़र बिन हारिस इत्यादि क़ुरैश की क़ौमी ज़िंदगी के रूह-ए-रवाँ थे और रूह बदर की वादी में क़ुरैश से हमेशा के लिए परवाज़ कर गई और वह एक क़ालिब बे-जान की तरह रह गए। यह वह तबाही थी जिसकी वजह से जंग-ए-बदर यौम-ए-फ़ुर्क़ान के नाम से मौसूम हुई।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम)

अज़ हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो ए.ए, पृष्ठ 371-372)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो ने भी इस बारे में लिखा है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैं कि "यही वह जंग है जिसका नाम क़ुरआन-ए-करीम में अल्लाह तआला ने फुर्क़ान रखा है और यही वह जंग है जिसमें अरब के वे सरदार जो इस दावा के साथ घर से चले थे कि इस्लाम का नाम हमेशा के लिए मिटा देंगे ख़ुद मिट गए और ऐसे मिटे कि आज उनका नाम-लेवा कोई बाक़ी नहीं और अगर कोई है तो अपने आपको उनकी तरफ़ मंसूब करना बजाय गर्व की और ख़्याल करता है। ग़रज़ कि इस जंग में अल्लाह तआला ने मुस्लमानों को अज़ीमुश्शान कामयाबी अता की थी।" (सीरतुन नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अनवारूल -उलूम, भाग 1 पृष्ठ 610)

फिर हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते हैं कि "इस में कोई संदेह नहीं कि मुस्लमानों पर इसके बाद भी मज़ालिम होते रहे और उन्हें कुफ़्फ़ार से कई लड़ाईयां लड़नी पड़ीं परंतु इस में भी कोई शुबा नहीं कि जंग-ए-बदर ने कुफ़्फ़ार की ताक़त को बिल्कुल तोड़ दिया था और मुस्लमानों की शौकत उन पर ज़ाहिर हो गई थी।

जंग-ए-बदर जिसे क़ुरआन-ए-करीम ने फुर्क़ान क़रार दिया है इसके मुता-ल्लिक़ बाइबल में भी भविष्यवाणी पाई जाती है इसलिए यसीया बाब 21आयत 13 से 17 में लिखा है "अरब की बाबत इल्हामी कलाम। अरब के सहरा में तुम रात को काटोगे। हे दिवानियों के काफ़लो पानी ले के प्यासे का इस्तिक़बाल करने आओ। हे तीमा की सरज़मीन के बाशिंदो! रोटी ले के भागने वाले के

मिलने को निकलो क्योंकि वह तलवारों के सामने से नंगी तलवार से और खींची हुई कमान से और जंग की शिद्दत से भागे हैं क्योंकि ख़ुदावंद ने मुझ को यूं फ़रमाया। अभी एक बरस, हाँ मज़दूर के से एक ठीक बरस में केदार की सारी हशमत जाती रहेगी और तीर अंदाज़ों के जो बाक़ी रहे केदार के बहादुर लोग घट जाऐंगे कि ख़ुदावंद इसराईल के ख़ुदा ने यूं फ़रमाया।"

आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते हैं कि "यसया नबी के इस कलाम में यह भविष्यवाणी की गई थी कि हिज्रत के ज़माना पर ठीक एक वर्ष गुज़रने के बाद अरब में एक ऐसी जंग होगी जिसमें केदार की सारी हशमत ख़ाक में मिल जाएगी और वह जो मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर भाग जाने का इल्ज़ाम लगाते थे अपने लाओ लश्कर की मौजूदगी में पीठ दिखाएँगे और वह भी ऐसी हालत में कि कमांडर और उनके जरनैलों की लाशें मैदान-ए-जंग में पड़ी रह जाएँगी और आख़िर वादी मक्का अपने जरनैलों को खो कर अपनी इस शौकत को बिल्कुल खो बैठेगी जो इस से पहले उसे हासिल थी। ईसी तरह क़ुरआन करीम ने एक ग्यारवें रात की ख़बर देकर यह भविष्यवाणी की थी कि हिज्रत के पूरे एक साल के बाद कुफ़्फ़ार की सारी ताक़त टूट जाएगी और मुस्लमानों के लिए फ़तह और कामरानी की सुबह ज़ाहिर हो जाएगी। इसलिए ऐन एक साल के बाद जंग-ए-बदर हुई जिसमें कुफ़्फ़ार के बड़े बड़े लीडर मारे गए और मुस्लमानों को उन पर नुमायां ग़लबा हुआ। " फ़रमाते हैं कि" देख लो मदीना में आने के बाद पहले रमज़ान तक इस भविष्यवाणी पर दस साल पूरे हुए थे और रमज़ान से ग्यारहवीं वर्ष का आग़ाज़ हुआ था। इस एक वर्ष के गुज़रने पर वर्ष 17 रमज़ान को बदर की जंग हुई जिसमें बड़े बड़े कुफ़्फ़ार मारे गए और उनके ज़ालिमाना हमलों का ख़ातमा हो गया। गोया वह ग्यारहवीं रात जो मुस्लमानों पर आई हुई थी ठीक एक साल गुज़रने के बाद दूर हो गई। और मुस्लमानों ने फ़तह-ओ-कामरानी की सुबह को अल्लाह तआला के फ़ज़्ल और उस की ताईद और नुसरत के साथ देख लिया।"

(तफ़सीर-ए-कबीर, भाग 8 पृष्ठ 515)

फ़ज़ीलत-ए-सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो जो बदर के सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो थे उनके बारे में लिखा है कि हज़रत जिबराल नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और कहा आप मुस्लमानों में अहल-ए-बदर को क्या मुक़ाम देते हैं? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: बेहतरीन मुस्लमान या ऐसा ही कोई कलमा फ़रमाया। जिबराईल ने कहा और इसी तरह वह मलायका भी अफ़ज़ल हैं जो जंग-ए-बदर में शरीक हुए।

(सही अल् बुख़ारी, किताब अल् मग़ाज़ी, बाब शहूद अल् मलायका बदर, हदीस : 3992)

यह वाक़िया जो अब मैं बयान करने लगा हूँ जबकि यह पहले हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो के हालात में वर्णन हो चुका है लेकिन यहां भी इस की एहमीयत के पेश-ए-नज़र वर्णन करता हूँ।

उबैदुल्लाह बिन अबी राफ़े रज़ियल्लाहु अन्हो ने बताया, उन्होंने कहा कि मैंने यह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो से सुना। कहते थे कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझे, ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हो और मिक़दाद बिन अस्वद रज़ियल्लाहु अन्हो को भेजा। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लमने फ़रमाया तुम चले जाओ जब तुम रोज़-ए-ख़ाख़ पर पहुँचो तो वहां एक शुत्र सवार औरत होगी और उस के पास एक ख़त है तुम वह ख़त उस से ले लो। हम चल पड़े हमारे घोड़े सरपट दौड़ते हुए हमें ले गए। जब हम रौज़ा ख़ाख़ में पहुंचे तो हम क्या देखते हैं कि वहां एक शुत्र सवार औरत मौजूद है हमने कहा ख़त निकालो। वह कहने लगी कि मेरे पास कोई ख़त नहीं। हमने कहा तुम्हें ख़त निकालना होगा अन्यथा हम तुम्हारे कपड़े उतार देंगे और तलाशी लेंगे इस पर उसने वह ख़त अपने जूड़े से, बालों से निकाला और हम वह ख़त रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास ले आए। देखा तो इस में यह लिखा था कि हातिब बिन अबी बलता की तरफ़ से अहल मक्का के मुशरिकों के नाम। वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के किसी इरादे की उनको सूचना दे रहा था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे बुला भेजा और पूछा हातिब यह क्या है? उसने कहा हे रसूलुल्लाह! मेरे मुताल्लिक़ जल्दी न फ़रमाएं। मैं एक ऐसा आदमी था जो क़ुरैश में आकर मिल गया था उनमें से न था और दूसरे मुहाजेरीन जो आपके साथ थे उनकी मक्का में रिश्ते दारियां थीं जिनके माध्यम से वह अपने घर-बार और माल-ओ-अस्बाब को बचाते रहे। मैंने चाहा कि इन मक्के वालों पर कोई एहसान कर दूं क्योंकि उनमें कोई रिश्तेदारी तो मेरी थी ही नहीं शायद वह इस एहसान ही की वजह से मेरा पास करें और मैंने किसी कुफ़्र या इर्तिदाद की वजह से यह नहीं किया और इस्लाम क़बूल करने के बाद कुफ़्र कभी पसंद नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा यह किस तरह हो सकता है कि अगर सच्चे दिल से इस्लाम क़बूल कर लिया जाए तो उसके बाद कुफ़्र को पसंद करे। यह सुनकर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : उसने तुमसे सच्च कहा है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुझे इजाज़त दें कि मैं इस मुनाफ़िक़ की गर्दन मार दूं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया वह तो जंग-ए-बदर में मौजूद था और तुम्हें क्या मालूम कि अल्लाह ने अहल-ए-बदर को देखा और फ़रमाया जो तुम चाहो करो मैंने तुम्हारे गुनाहों की पर्दापोशी कर दी है।

(सही अल्बुख़ारी, किताबुल् الجهادوالسير،باب الجاسوس., हदीस 3007)

अर्थात अब बड़े गुनाह सरज़द नहीं होंगे और उनका अंजाम बख़ैर होगा। ये लोग कुफ़्र की हालत में नहीं मरेंगे। यह मतलब है इस का। इसलिए ख़ुद हज़रत हातिब रज़ियल्लाहु अन्हो के शब्दों से ज़ाहिर है जैसा कि मैंने पहले वर्णन किया कि इस्लाम क़बूल करने के बाद कुफ़्र को कभी पसंद नहीं किया जा सकता।

फिर हज़रत अबु हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया शायद कि अल्लाह तआला ने अहल--ए-बदर पर नज़र फ़रमाई है और कहा कि जो चाहे अमल करो मैंने तुम्हें बख़्श दिया।

(सुंन अबी दाऊद, किताब अल् सुन्नत, बाब फ़ी अल् ख़लीफ़ा, हदीस : 4654)

अर्थात सिवाए कुफ़्र की हालत के आम गलतियां और गुनाह अल्लाह तआला तो बख़्श देगा। दूसरे शब्दों में यहां यह ज़मानत भी अल्लाह तआला ने दे दी कि उन पर कभी कुफ़्र की हालत नहीं आएगी और उनका अंजाम बख़ैर होगा। एक यह मतलब भी है उसका। अगर कुछ गलतियां और गुनाह होंगे तो बशरी तक़ाज़ों के तहत होंगे और अल्लाह तआला उन्हें माफ़ फ़र्मा देगा

उम्मुल मोमिनीन हज़रत हफ़्सा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करती हैं कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। मैं उम्मीद रखता हूँ कि बदर में और हुदैबिया में शरीक होने वालों में से कोई भी इन शा अल्लाह आग में दाख़िल नहीं होगा। मैंने अर्ज़ किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! क्या अल्लाह ने नहीं फ़रमाया وَاِنۡ مِّنۡكُمۡ اِلَّا وَارِدُهَا‌ ۚ كَانَ عَلٰى رَبِّكَ حَتۡمًا مَّقۡضِيًّا (मर्यम : 72)और तुम ज़ालिमों में से कोई नहीं परंतु वह ज़रूर इस में उतरने वाला है। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया क्या तु ने अल्लाह तआला के इस क़ौल को नहीं सुना। ثُمَّ نُنَجِّى الَّذِيۡنَ اتَّقَوْا وَّنَذَرُ الظّٰلِمِيۡنَ فِيۡهَا جِثِيًّا (मर्यम : 73) फिर हम उनको बचा लेंगे जिन्हों ने तक़्वा इख़्तेयार किया और हम ज़ालिमों को इस में घुटनों के बल गिरे हुए छोड़ देंगे।

(सुंन इब्ने माजा, किताबुल् जिहाद, बाब वर्णन अल् बास, हदीस : 4281)

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माना में भी जब सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के वज़ीफ़े निर्धारित हुए तो बदरी सहाबियों रज़ियल्लाहु अन्हो का वज़ीफ़ा मुमताज़ तौर पर ख़ास निर्धारित किया गया। ख़ुद बदरी सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो भी जंग-ए-बदर की शिरकत पर ख़ास फ़ख़र करते थे। इसलिए मियूर साहिब लिखते हैं कि "बदरी सहाबी इस्लामी सोसाइटी के आला तरीन रुकन समझे जाते थे। साद बिन अबी वक़्क़ास रज़ियल्लाहु अन्हा जब इसी साल की उम्र में फ़ौत होने लगे तो उन्हों ने कहा कि मुझे वह चोग़ा ला कर दो जो मैंने बदर के दिन पहना था और जिसे मैंने आज के दिन के लिए सँभाल कर रखा हुआ है। यह वही साद थे जो बदर के ज़माना में बिल्कुल नौजवान थे और जिनके हाथ पर बाद में ईरान फ़तह हुआ और जो कूफ़ा के बानी और इराक़ के गवर्नर बने परंतु उनकी नज़र में ये तमाम इज़्ज़तें और फ़ख़र जंग-ए-बदर में शिरकत के इज़्ज़त और फ़ख़र के मुक़ाबले में बिल्कुल तुच्छ थीं और जंग-ए-बदर वाले दिन के लिबास को वह अपने वास्ते सब ख़िलअतों से बढ़कर ख़िलअत समझते थे और उनकी आख़िरी ख़ाहिश यही थी कि इसी लिबास में लपेट कर उनको क़ब्र में उतारा जाए"।

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम)
अज़ हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब रज़ियल्लाहु अन्हो
एम.ए, पृष्ठ : 373)

बदरी सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो की एहमियत और फ़ज़ीलत का अंदाज़ा

इस से भी हो सकता है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस उम्मत में आने वाले मह्दी की एक निशानी यह क़रार दी कि उसके पास भी एक किताब होगी जिसमें अस्हाब-ए-बदर रज़ियल्लाहु अन्हो की संख्या के मुताबिक़ तीन सौ तेराह सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के नाम होंगे।

इसलिए हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "चूँकि हदीस सही में आ चुका है कि मह्दी मौऊद के पास एक छिपी हुई किताब होगी जिसमें उसके तीन सौ तेराह सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो का नाम दर्ज होगा। इसलिए यह वर्णन करना ज़रूरी है कि वह भविष्यवाणी आज पूरी हो गई। यह तो ज़ाहिर है कि पहले इस से उम्मत-ए-मरहूमा में कोई ऐसा व्यक्ति पैदा नहीं हुआ कि जो महदूयित का मुद्दई होता और उसके वक़्त में छापाख़ाना भी होता। और उसके पास एक किताब भी होती जिसमें तीन सौ तेराह नाम लिखे हुए होते और ज़ाहिर है कि अगर यह काम इन्सान के इख़तेयार में होता तो इस से पहले कई झूठे अपने तईं उसका मिस्दाक़ बना सकते। परंतु असल बात यह है कि ख़ुदा की छुपी हुई चीज़ों में ऐसी फ़ौक़ुलआदत शर्तें होती हैं कि कोई झूठा उनसे फ़ायदा नहीं उठा सकता और उस को वह सामान और अस्बाब अता नहीं किए जाते जो सच्चे को अता किए जाते हैं।" फ़रमाते हैं "शेख़ अली हमज़ा बिन अली मुल्क अल् तूसी अपनी किताब जवाहेरुल आस्रार में जो 840 हमें तालीफ़ हुई थी मह्दी मौऊद के बारे में निम्नलिखित इबारत लिखते हैं।" जिसका अनुमान यह है कि "अर्थात मह्दी उस गांव से निकलेगा जिसका नाम कदा है (यह नाम दरअसल क़ादियान के नाम को मोअररब किया हुआ है और फिर फ़रमाया कि ख़ुदा उस मह्दी की तसदीक़ करेगा और दूर दूर से इस के दोस्त जमा करेगा जिनका शुमार अहल-ए-बदर के शुमार से बराबर होगा। अर्थात तीन सौ तेराह होंगे और उनके नाम बक़ैद मस्कन और ख़सलत छिपी हुई किताब में दर्ज होंगे। अब ज़ाहिर है कि किसी व्यक्ति को पहले इस से यह इत्तिफ़ाक़ नहीं हुआ कि वह मह्दी मौऊद होने का दावे करे और उस के पास छिपी हुई किताब हो जिसमें उस के दोस्तों के नाम हों लेकिन मैं पहले इस से भी आईना कमालात इस्लाम में तीन सौ तेराह नाम दर्ज कर चुका हूँ और अब दुबारा अतमाम-ए-हुज्जत के लिए तीन सौ तेराह नाम निम्न में दर्ज करता हूँ।" ज़मीमा रिसाला अंजाम-ए-आथम में आप फ़र्मा रहे हैं।" ताकि हर एक इंसाफ़ पसंद समझ ले कि यह भविष्यवाणी भी मेरे ही हक़ में पूरी हुई और बमूजब मंशा-ए-हदीस के यह वर्णन कर देना पहले से अधिक ज़रूरी है कि ये तमाम अस्हाब ख़सलत-ए-सिदक़-ओ-सफ़ा रखते हैं और हसब-ए-मुरातिब जिसको अल्लाह तआला बेहतर जानता है कुछ लोगों से मुहब्बत और इन्क़ता अल्लाह और सरगर्मी देन में सबक़त ले गए हैं अब देखो यह तीन सौ तेराह मुख़लिस जो इस किताब में दर्ज हैं यह उसी भविष्यवाणी का मिस्दाक़ है जो अहादीस रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम में पाई जाती है। भविष्यवाणी में कदा का लफ़्ज़ भी है जो सरीह क़ादियान के नाम को बतला रहा है अतः समस्त मज़मून इस हदीस का यह है कि वह मह्दी मौऊद क़ादियान में पैदा होगा और उस के पास एक किताब छपी हुई होगी जिसमें तीन सौ तेराह उसके दोस्तों के नाम दर्ज होंगे। अतः हर एक व्यक्ति समझ सकता है कि ये बात मेरे इख़तेयार में तो नहीं थी कि मैं इन किताबों में जो इस ज़माना से हज़ार बरस पहले दुनिया में शाय हो चुकी हैं अपने गांव क़ादियान का नाम लिख देता। और न मैंने छापा की कल निकाली है "कोई पुर्ज़ा निकाला "ता ये ख़्याल किया जाए कि मैंने इस उद्देश्य से मतबा को इस ज़माना में ईजाद किया है।" अतः मैंने तो नहीं ईजाद किया था।"और न तीन सौ तेराह मुख़लिस अस्हाब का पैदा करना मेरे इख़तेयार में था बल्कि ये तमाम अस्बाब ख़ुद ख़ुदा तआला ने पैदा किए हैं ताकि वह अपने रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की भविष्यवाणी को पूरा करे।' (ज़मीमा रिसाला अंजाम-ए-आथम, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 11 पृष्ठ 324 से 325, 329)

जंग-ए-बदर के हवाले से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत-ए-मूसा की मुमासेलत को वर्णन करते हुए हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "बनी इसराईल की मानिंद ख़ुदा तआला के रास्तबाज़ बंदे मक्का मुअज़्ज़मा में तेराह बरस तक कुफ़्फ़ार के हाथ से सख़्त तकलीफ़ में रहे और ये तकलीफ़ इस तकलीफ़ से बहुत ज़्यादा थी जो फ़िरऔन से बनीइसराईल को पहुंची। आख़िर ये रास्तबाज़ बंदे इस बरगज़ीद रास्तबाज़ों के साथ और उस की ईमा से मक्का से भाग निकले और इसी भागने की मानिंद जो बनी इसराईल मिस्र से भागे थे। फिर मक्का वालों ने क़तल करने के लिए तआक़ुब किया इसी तआक़ुब की मानिंद जो फ़िरऔन की तरफ़ से बनीइसराईल के क़तल के लिए किया गया था। आख़िर वह इसी तआक़ुब की शामत से बदर में इस तरह पर हलाक हुए जिस तरह फ़िरऔन और उसका लश्कर दरिया-ए-नील में हलाक हुआ था। उसी रम्ज़ के खोलने के लिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अबुजहल की लाश बदर के मर्दों में देख कर फ़रमाया था कि यह व्यक्ति इस उम्त का था।

उद्देश्य जिस तरह फ़िरऔन और उसका लश्कर दरिया-ए-नील में हलाक होना उमूर मश्हूदा महसूसा में से था "जिनको देखा भी जा सकता है महसूस किया जा सकता है "जिसके वक़ूअ में किसी को कलाम नहीं हो सकता इसी तरह अबुजहल और उसके लश्कर का तआक़ुब के वक़्त बदर की लड़ाई में हलाक होना उमूर मश्हूदा महसूसा में से था जिस से इन्कार करना हमाक़त और दीवानगी में दाख़िल है वह इसराईली अर्थात ख़ुदा के बंदीजन को हमारे सय्यद--ओ-मौला ने मक्का वालों के ज़ुलम से छुड़ाया उन्होंने बदर के वाक़िया के बाद इसी तरह गीत गाय जैसे के बनीइसराईल ने दरयाए मिस्र के सिर पर गाए थे और वह अरबी गीत अब तक किताबों में महफ़ूज़ चले आते हैं जो बदर के मैदान में गाय गए।" (अय्याम-ए-सालिस, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 14 पृष्ठ 290-291)

फिर एक जगह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "वह मसील जिसका तौरेत की किताब इस्तिस्ना में वर्णन है वह वही नबी मुईद-ए-इलाही है जो मा अपनी जमाअत के तेराह बरस बराबर दुख उठा कर और हर एक किस्म की तकलीफ़ देखकर आख़िर में अपनी जमाअत के भागा और उस का पीछा किया गया। आख़िर बदर की लड़ाई में चंद घंटों में फ़ैसला हो कर अबुजहल और उस का लश्कर तलवार की धार से ऐसे ही मारे गए जैसा कि दरिया-ए-नील की धार से फ़िरऔन और उसके लश्कर का काम तमाम किया गया। देखो कैसी सफ़ाई और कैसे मशहूद और महसूस तौर पर ये दोनों वाक़ियात मिस्र और मक्का और दरिया-ए-नील और बदर के आपस में मुमासिलत हैं।"

(अय्याम ए सुलहू, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 14 पृष्ठ : 292)

क़ुरआन शरीफ़ में लिखा है कि وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ (आले ईमरान : 124) और बदर की जंग में जबकि तुम हक़ीर थे अल्लाह यक़ीनन तुम्हें मदद दे चुका है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम अपनी एक तसनीफ़ ख़ुत्बा इलहामिया में बदर और चौधवीं सदी की एक लतीफ़ मुशाबेहत का वर्णन करते हुए फ़रमाते हैं। जिसका उर्दू अनुवाद यह है कि "और वह चार-सौ का शुमार ख़ातिमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिज्रत से बाद है ताकि दीन के ग़लबा का वादा जो किताब-ए-मुबय्यन में पहले हो चुका था पूरा हो जाए अर्थात ख़ुदा का यह कथन कि لَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ (आले ईमरान : 124) अतः इंसानों की तरह इस आयत में निगाह कर क्योंकि यह आयत यक़ीनन दो बदर पर दलालत करती है। अव्वल वह बदर जो पहलों की नुसरत के लिए गुज़रा और दूसरा वह बदर जो पिछलों के लिए एक निशान है। अतः कोई शक नहीं कि यह आयत एक लतीफ़ इशारा इस आइन्दा ज़माना की तरफ़ करती है जो शुमार के दृष्टि से शब-ए-बदर की मानिंद हो और वे चार-सौ बरस हज़ार बरस के बाद है और यही इस्तिआरा के तौर पर ख़ुदा तआला के नज़दीक शब-ए-बदर है और उन सब के बावजूद हम को यह भी एतराफ़ है कि इस आयत के और अर्थ भी हैं जो पिछले ज़माना से ताल्लुक़ रखते हैं जैसा कि आलिमों को मालूम है क्योंकि इस आयत के दो रुख़ हैं और नुसरत दो नुसरतें और बदर दो बदर हैं। एक बदर पिछले ज़माना से ताल्लुक़ रखता है और दूसरा बदर आइन्दा ज़माना से इस वक़्त जबकि मुस्लमानों को ज़िल्लत पहुंचे जैसा कि इस ज़माना में देखते हो और इस्लाम पूर्ण चाँद की तरह शुरू हुआ और मुक़द्दर था कि अंजामकार आख़िर ज़माना बदर हो जाए ख़ुदा तआला के हुक्म से। अतः ख़ुदा तआला की हिक्मत ने चाहा कि इस्लाम इस सदी में बदर की तरह शक्ल इख़तेयार करे जो शुमार की दृष्टि से बदर की तरह मुशाबेह हो। अतः इन्ही माअनों की तरफ़ इशारा है ख़ुदा तआला के इस क़ौल में कि لَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ अतः इस अमर में बारीक नज़र से ग़ौर कर और ग़ाफ़िलों से न हो और बे-शक لَقَدْ نَصَرَكُمْ का शब्द यहां दूसरी वजह के दृष्टि से نُصْرُكُمْ के अर्थों में आया है जैसा कि आरिफ़ों पर ज़ाहिर है। अल्-ग़र्ज़ ख़ुदा तआला ने इस्लाम के लिए दो ज़िल्लत के बाद दो इज़्ज़तें रखी थीं यहूद के बरख़िलाफ़ कि इन के लिए सज़ा के तौर पर दो इज़्ज़तों के बाद दो ज़िल्लतें निर्धारित की थीं जैसा कि बनी इसराईल की सूरत में इन फ़ासिक़ों और ज़ालिमों का क़िस्सा पढ़ते हो। अतः जिस वक़्त मुस्लमानों को पहली ज़िल्लत मक्का में पहुंची ख़ुदा ने उनसे अपने इस

क़ौल में वादा फ़रमाया था اُذِنَ لِلَّذِيْنَ يُقٰتَلُوْنَ بِاَنَّهُمْ ظُلِمُوْا وَاِنَّ اللّٰهَ عَلٰى نَصْرِهِمْ لَقَدِيْرُ (अल् हज : 40) और عَلٰى نَصْرِهِمْ के कथन से इशारा किया कि मोमिनों के हाथ से कुफ़्फ़ार पर अज़ाब उतरेगा। अतः ख़ुदा तआला का यह वादा बदर के दिन ज़ाहिर हुआ और काफ़िर मुस्लमानों की आबदार तलवार से क़तल किए गए।"

(ख़ुतबा इल् हामिया, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 16 पृष्ठ 273 से 277)

फिर आप अलैहिस्सलाम हैं "अब इस चौधवीं सदी में वही हालत हो रही है जो बदर के अवसर पर हो गई थी जिस के लिए अल्लाह तआला फ़रमाता है وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ (आल-ए-इमरान : 124) इस आयत में भी दरअसल एक भविष्यवाणी मर्कूज़ थी अर्थात जब चौधवीं सदी में इस्लाम ज़ईफ़ और ना-तवान हो जाएगा उस वक़्त अल्लाह तआला इस वादा की हिफ़ाज़त के मुवाफ़िक़ उस की नुसरत करेगा।" (लैक्चर लुधियाना, रुहानी ख़ज़ायन, भाग 20 पृष्ठ 280)

आप अलैहिस्सलाम हैं "अब देखो कि सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो को बदर में नुसरत दी गई और फ़रमाया गया कि यह नुसरत ऐसे वक़्त में दी गई जबकि तुम थोड़े थे। इस बदर में कुफ़्र का ख़ातमा हो गया। बदर पर ऐसे अज़ीमुश्शान निशान के इज़हार में आइन्दा की भी एक ख़बर रखी गई थी। और यह कि बदर चौधवीं के चांद को भी कहते हैं। इस से चौधवीं सदी में अल्लाह तआला की नुसरत के इज़हार की तरफ़ भी ईमा है। और यह चौधवीं सदी वही सदी है जिस के लिए औरतें तक कहती थीं कि चौधवीं सदी ख़ैरो बरकत की आएगी। ख़ुदा की बातें पूरी हुईं और चौधवीं सदी में अल्लाह तआला के मंशा के मुवाफ़िक़ इस्मे अहमद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का बरुज़ हुआ और वह मैं हूँ।' आप अलैहिस्सलाम इस बारे में फ़रमाते हैं "इस्मे अहमद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का बरूज़ हुआ और वह मैं हूँ। जिसकी तरफ़ इस वाक़िया बदर में भविष्यवाणी थी जिस के लिए रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सलाम कहा। परंतु अफ़सोस कि जब वह दिन आया और चौधवीं का चांद निकला तो दुकानदार, ख़ुद-ग़रज़ कहा गया। अफ़सोस उन पर जिन्हों ने देखा और न देखा। वक़्त पाया और न पहचाना। वे मर गए जो मिंब्बरों पर चढ़ चढ़ कर रोया करते थे कि चौधवीं सदी में यह होगा और वे रह गए जो कि अब मिंब्बरों पर चढ़ कर कहते हैं कि जो आया है वह काज़िब है। उनको क्या हो गया। ये क्यों नहीं देखते और क्यों नहीं सोचते। इस वक़्त भी अल्लाह तआला ने बदर ही में मदद की थी और वह मदद اَذِلَّة की मदद थी जिस वक़्त तीन सौ तेराह आदमी सिर्फ मैदान में आए थे और कल दो तीन लकड़ी की तलवारें थीं और उन तीन सौ तेराह में ज़्यादा-तर छोटे बच्चे थे। इस से ज़्यादा कमज़ोरी की हालत क्या होगी और दूसरी तरफ़ एक बड़ी भारी जमईयत थी और वे सब के सब चुने हुए जंगी लड़ाकू और बड़े बड़े जवान थे। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ़ ज़ाहिरी सामान कुछ नहीं था। उस वक़्त रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी जगह पर दुआ की اَللّٰهُمَّ اِنْ اَهْلَكْتَ هٰذِهِ الْعِصَابَةَ لَنْ تُعْبَدَ فِي الْاَرْضِ اَبَدًا। अर्थात अल्लाह! अगर आज तू ने इस जमात को हलाक कर दिया तो फिर कोई तेरी इबादत करने वाला नहीं रहेगा। सुनो मैं भी यक़ीनन इसी तरह कहता हूँ कि आज वही बदर वाला मुआमला है। अल्लाह तआला इसी तरह एक जमाअत तैयार कर रहा है। वही बदर और اَذِلَّة का शब्द मौजूद है।"

(मल् फ़ूज़ात, भाग 2 पृष्ठ 190-191 ऐडीशन 1984 ई.)

आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि "चौदह के अदद को बड़ी मुनासबत है चौधवीं सदी का चांद मुकम्मल होता है। इसी की तरफ़ अल्लाह तआला ने وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ (आले इमरान : 124) में इशारा किया है। अर्थात एक बदर तो वह था जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुख़ालिफ़ों पर फ़तह पाई उस वक़्त भी आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जमाअत क़लील थी और एक बदर यह है।" (मल् फ़ूज़ात, भाग 4 पृष्ठ 12 ऐडीशन 1984 ई.) अर्थात आप ज़माना

जंग-ए-बदर का क़िस्सा मत भूलो के इल्हाम के बारे में हज़रत क़ाज़ी अब्दु-र्रहीम साहब रज़ियल्लाहु अन्हो अपनी 17 फरवरी 1904 ई. की डायरी में लिखते हैं कि "आज रात हज़रत ने ख़ाब बयान फ़रमाया किसी ने कहा कि जंग-ए-बदर का क़िस्सा मत भूलो।"

(वर्णन, पृष्ठ 668 ऐडीशन चहारुम 2004 ई.)

